सार-समाचार

एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला

उदयपुर, (कासं) भारत सरकार के वाणिज्यिक मंत्रालय के राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान, भारतीय पेटेंट कार्यालय व जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ की संघटक इकाई प्रबंधन अध्ययन संकाय के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा के फाईलिंग व ड्राफ्टिंग विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। वेबिनार में कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि आज के समय में जैसे-जैसे हमारी दुनिया तेजी से डिजिटल और नवाचार-संचालित होती जा रही है, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। आविष्कार, साहित्यिक और कलात्मक कार्य, सॉफ्टवेयर प्रोठाम और अन्य रचनात्मक कार्य हमारी अर्थव्यवस्था और समाज की जीवनदायिनी हैं, और उन्हें अनधिकृत उपयोग से बचाना राष्ट्र व समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। प्रारम्भ में स्वागत करते हुए समन्वयक डॉ. हिना खान ने कहा कि भारत सरकार के इस मिशन का उद्देश्य बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थानों में आईपी फाइलिंग का एक सिस्टम स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में जानने का उत्तम अवसर है। समन्वयक डॉ. नीरू राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार की पहल से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य आम जनता के बीच आईपीआर जागरूकता की कमी के अंतर को पाटना है। विद्यापीठ के केन्द्रीय कार्यालय की ओर से कार्यशाला के समन्वयक डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी ने कहा कि आईपीआर के विभिन्न प्रकारों और भारत में उनके महत्व का अवलोकन और पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिजाइन आदि को समझना आवश्यक है।

प्लेसमेंट रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग का समापन

उदयपुर/बांसवाड़ा, (कासं) विश्वविद्यालय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जीजीटीयू बांसवाड़ा में सोमवार को चतुर्थ और तृतीय वर्ष के छात्रों के प्लेसमेंट के संबंध में 30 घंटों की प्लेसमेंट रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग का समापन समारोह हुआ। इस ट्रेनिंग में मुख्य एक्सपर्ट अंबुज जैन जी रहे जो कि एक कारपोरेट ट्रेनर ,लाइफ कोच ,कैरियर स्ट्रेटजिस्ट और मोटिवेशन स्पीकर है। अंबुज जी ने आईआईएम अहमदाबाद से जनरल मैनेजमेंट में पीजीडीएम किया हुआ है। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर करुणा जोशी, कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के हेड मिस्टर हिमांशु स्वर्णकार ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर मिस्टर अभिषेक सिंह समस्त फैकेल्टी मेंबरऔर विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने महाविद्यालय में इस तरह के ट्रेनिंग प्रोठाम को निरंतर करते रहने पर जोर दिया और प्रोठाम की महत्ता को बताते हुए कहा कि किस प्रकार विद्यार्थी इस तरह के ट्रेनिंग से लाभान्वित हो सकता है और समाज में अपने आप को अलग तरीके से पेश कर सकता है किस प्रकार यह कार्यक्रम बच्चों के संपूर्ण चरित्र का विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी ट्रेनिंग के दौरान अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि कैसे उनमें पहले की अपेक्षा काफी बदलाव आया है और वह मजबूती से किसी भी प्लेसमेंट में अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।

कमेटी का गठन

उदयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2023-24 की अनुपालना में राजीव गाँधी ठामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन 23 जून से प्रस्तावित है। इस संबंध में जिला प्रशासन उदयपुर द्वारा शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार के आदेशानुसार व मुख्य सचिव द्वारा ली गई वीसी में दिये गये दिशा-निर्देशानुसार आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने एक आदेश जारी कर उदयपुर जिले में सर्वाधिक पंजीयन, खेल मैदान एवं प्रतियोगिता से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं के लिए कमेटी का गठन किया हैं। इस कमेटी में जिला परिषद सीईओ सुश्री सलोनी खेमका को मुख्य नोडल अधिकारी व पूर्व खेल अधिकारी एवं हॉकी प्रशिक्षक शकील हुसैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं अतिरिक्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश बंसल, नगर निगम के अधीक्षण अभियन्ता मुकेश पुजारी व जिला परियोजना अधिकारी शैल सिंह व जिला खेल अधिकारी श्रीमती सुनिता भण्डारी कमेटी में सदस्य होंगे।

उदयपुर शहर में चलेंगे ई रिक्शा, महिला चालक को मिलेगी कमान

उदयपुर, (कासं) जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार शाम आयोजित हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ब्लैक स्पॉट के सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा जेके पारस हॉस्पिटल से होटल झंकार ओल्ड आरटीओ रोड मार्ग पर गरीब नवाज कॉलोनी के बाहर बोटल नेक की समस्या पर भी विचार विमर्श हुआ।

बैठक में कलेक्टर ने फॉसिल फ्यूल आधारित ट्रांसपोर्ट वाहनों को इलेक्ट्रॉनिक वाहनों में शिफ्ट करने को लेकर दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि आगामी समय में शहर में ई-रिक्शा का संचालन किया जाएगा जिसमें नवाचार करते हुए शत प्रतिशत महिला चालकों को सम्मिलित किया जाएगा। इससे ना सिर्फ महिला सशक्तिकरण का संदेश जाएगा बल्कि शहर को प्रदूषण रहित करने में भी मदद मिलेगी। कलेक्टर ने कहा है कि जो भी कंपनियां सीएसआर के तहत ई रिक्शा संचालन में प्रशासन का सहयोग करना चाहें, वे डीटीओ कल्पना शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

इसके साथ ही हाईवे पर आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाओं को रोकने हेतु टोल नाकों को पाबंद करने, हेलमेट के उपयोग हेतु प्रचार प्रसार में एनजीओ एवं निजी कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित करने, गुड सेमेरिटन मुख्यमंत्री जीवन रक्षा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग द्वारा ब्लेक स्टॉप की सूची प्रशासन को उपलब्ध कराई गई है जिसके अनुसार कलेक्टर ने उचित समाधान करने के निर्देश दिए। विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक लाइट स्थापित करने, विभिन्न स्थानों पर ऑटो स्टैंड स्थापित करने, वॉल सिटी के लिए नगर निगम द्वारा प्रस्तावित ठीन मोबिलिटी जोन प्रोठाम आदि पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वॉल सिटी के अंदर एवं महत्वपूर्ण सड़कों पर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए पीले रंग की मार्किंग करवाने, बड़ी तालाब की पाल के सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा, मुख्यमंत्री बजट घोषणा के कार्यों की स्थिति कलेक्टर ने समीक्षा की। कलेक्टर ने हेरिटेज वॉक विकसित करने, ठीन मोबिलिटी को प्रोत्साहित करने, बरसात से पहले अंडर पासों को साफ करने आदि को लेकर दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाइट टूरिज्म को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में स्मार्ट सिटी सीईओ अपर्णा गुप्ता, डीएफओ मुकेश सैनी, जिला परिवहन अधिकारी कल्पना शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक यातायात कुशल चोरड़िया, एडिशनल सीएमएचओ डॉ रागिनी डामोर सहित यूआईटी, नगर निगम, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते जिला कलक्टर।

निःशुल्क तुलसी पौध वितरण कल

उदयपुर, (कासं)। समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमावत ने बताया कि सोमवार को संरक्षक पवन कुमावत की अध्यक्षता में चांदपोल सेवा समिति की बैठक रखी गई जिसमें पूर्व के वर्षो की भांति इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर 31 मई को प्रातः 9 बजे से3001 निःशुल्क तुलसी के पौधों का वितरण जाड़ा गणेश जी चौक, चाँदपोल बाहर उदयपुर पर किया जाएगा। समिति के सचिव जय सोनी ने बताया कि तुलसी का पौधा वितरण के साथ-साथ आमजन को तुलसी के पौधे से होने वाले लाभों से भी अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के लिए पानी की व्यवस्था के लिए धीरज कुमावत, महेश कुमावत, यातायात व्यवस्था के लिए रोहित चौबीसा, लव व्यास, पौधे वितरण के लिए चंदन दवे, ओमप्रकाश कुमावत, दीपक अजमेरा, निखिल पुरोहित, जितेंद्र सिंह गहलोत, रणजीत सिंह राव, जितेश कुमावत रवि सुखवाल, मुकेश कुमावत, एडवोकेट हितेश वैष्णव, एडवोकेट भारत कुमावत को नियुक्त किया गया है।

विद्यापीठ विवि व श्रीगोविंद गुरू विवि गोधरा के बीच एमओयू हुआ

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय एवं श्री गोविन्द गुरू विश्वविद्यालय गोधरा गुजरात के बीच सोमवार को गोधरा में हुए एमओयू पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलपति प्रो. प्रताप सिंह चैहान ने हस्ताक्षर किए। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि पारम्परिक खोज को बढावा देने व

■ **राजस्थान, गुजरात की संस्कृति, परम्परा, विधाओं को मिलेगा बढ़ावा : प्रो. सारंगदेवोत**

अकादमिक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थियों का भी आदान प्रदान किया जायेगा जिसके तहत यहा के अकादमिक सदस्य व विद्यार्थी आपस में समन्वय कर नवाचारों को नये आयाम देगे। सेमीनार एवं वर्कशॉप का आयोजन करेंगे जिसका लाभ विद्यार्थियों तथा अकादमिक सदस्यों को मिलेगा। दोनो विश्वविद्यालयों के अकादमिक सदस्यों तथा विद्यार्थियों को गुजरात एवं राजस्थान की संस्कृति का अध्ययन करने का सुअवसर मिलेगा। जिसके तहत विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर भी मिलेगे।

विद्यापीठ विवि एवं श्री गोविन्द गुरू विवि गोधरा के बीच एमओयू पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलपति प्रो. प्रताप सिंह चैहान ने हस्ताक्षर किए।

सार-समाचार

अवैध शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर दबीश देकर पचास हजार रूपये की अवैध शराब जब्त कर तीन जनों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मंजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरवजिन में हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के नेतृतव में गठित टीमों ने कृषि मण्डी के सामने ओमानी कार में निर्मल पुत्र रोशनलाल निवासी सुरों का फला बलीचा बाईपास थाना गोवर्धन विलास के कब्जे से 60 बोतल व बीयर की 24 केन जब्त की। उमरड़ा से डालूराम पुत्र भेरा के कब्जे से पांच बोतल शराब तथा बंजारा बस्ती से मनोहरलाल पुत्र आनन्दीलालके कब्जे से 121 बोतले, बीयर की केन 46, अंठोजी शराब की 16 बोतले, अंठोजी शराब के 29 अध्धे एवं 119 पव्वे जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर निर्मल, डालू व मनोहरलाल को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

वाहन व नकदी छीनी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर, (कासं)। माण्डवा थाना क्षैत्र में पुलिस दल पर हमला करने के मामले में फरार डकैत रणिया के बेटे झाला ने कस्बे में पीकअप वाहन व किराणा दुकान से नकदी छिन ले गया।माण्डवा थाना क्षैत्र के कुकावास गांव निवासी रणिया के पुत्र की गिरफ्तारी के लिए दबीश देने गए पुलिस दल पर हमला करने एवं हथियार लूट मामले में फरार डकैत रणिया के बैटे झाला ने कोटडा कस्बे में दो वारदातों को अंजाम दिया। 28 मई को झाला पुत्र रणिया निवासी कूकावास माण्डवा ने पीकअप वाहन चालक आमीर खां पुत्र सरजूफुला खां निवासी कोटड़ा के साथ लिफ्ट लेकर वाहन में बैठा। कुछ दूरी पर जाने के बाद धमकाते हुए पिकअप ले भागा। इस दौरान शराब के नशे में पिकअप खड्डे में उतर जाने से झाला वाहन छोड़ कर फरार हो गया। इसी तरह 28 मई को कोटड़ा निवासी अब्दुल लतीफ पुत्र शहादा खां अपनी किराणा दुकान पर बैठा था। इस दौरान झाला वहां आया और धमकाते हुए अब्दुल से तीन हजार रूपये छिन ले गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जेवरात लूट का प्रयास

उदयपुर, (कासं)। पीहर जाने की प्रतिक्षा में खड़ी महिला के गले पर झपट्टा मार कर बाइक सवार दो बदमाशों ने मंगलसूत्र छिनने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता गोरादा थाना रामसागड़ा डूंगरपुर निवासी पूजीदेवी पत्नी देवीलाल व उासकी बहन अंजना देवी दोनों सोमवार को अपने पीहर गुमानपुरा कल्याणपुर आई थी। जहां बस से उतर कर घर जाने के लिए परिजन के आने की प्रतिक्षा में खड़ी थी। इस इस दौरान बाइक लेकर आए दो बदमाशों ने पूंजी के गले पर झपट्टा मार मंगलसूत्र छिना। इस दौरान मंगलसूत्र पकडने से दोनों के बीच धक्का मुक्की हो गई तथा चिल्लाने पर पकडे जाने के भय से बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। पूंजी की सजगता से मंगलसूत्र लूटे बिना फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर कल्याणपुर थानाधिकारी गणपतसिंह ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर पीडितों से की गई पूछताछ के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की।

अवैध शराब व हुक्के बरामद

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान केफै पर दबीश देकर अवैध शराब व हुक्के जब्त कर कैफं संचालक को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहेतलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र मीणाके सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने आसूचना के आधार पर 100 फीट रोड शौभागपुरा स्थित फ्रेण्डसजॉन केफे पर पहुंच कर दबीश दी। इस दौरान मोके से अवैध 254 बोतल शराब, 8 सेट हुक्का सेट व तम्बाकु फ्लेवर जब्त किए तथा मौके पर केफ के मैनेजर सुनिल पुत्र पप्पुसिंह निवासी डूडीपुरा पोस्ट खोडीया थाना एरावत नगर जिला आगरा युपीहॉल केशवनगर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। मैनेजर ने पूछताछ में केफे के मालिक अनिल, कमलेश व अभिमन्युसिंह द्वारा अवैध गतिविधियां संचालित करने की जानकारी दी।

हादसे में महिला श्रमिक की मौत

उदयपुर, (कासं)। निर्माणाधीन मकान की छत से निचे गिरने पर महिला श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 मई को शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र पालडी गांव में निर्माणाधीन मकान की छत से निचे गिरने पर मदारड़ा गोगुन्दा निलवासी शांताबाई उर्फ शामली मीणा पत्नी रतनलाल मीणा की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया पीहर पक्ष को सूचना दी। इस पर सोमवार को मृतका के पीहर पीपली झाड़ोल से आए परिजनों की मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। शांताबाई उर्फ शामली तथा रतनलाल दोनों निर्माणाधीन मकान पर चौकीदारी करते थे।

दो दुकानों से नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के बापूबाजार में स्थित बुक स्टोर की दो दुकानों से चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात में शहर के बापूबाजार में स्थित पोपुलर बुक स्टोर दुकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ 90 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। वहीं चोर पास स्थित रमेश बुक स्टोर का ताला तोड़ कर करीब 3 लाख रूपये नकदी चुरा ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पीडित महेश पुत्र अर्जुनदास कटारिया निवासी ई ब्लॉक शिवपार्क कॉलोनी सूरजपोल व सेक्टर 14 निवासी अनिल गखरेजा पुत्र हरिश गखरेजा की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में सूने मकान का ताला तोड़ चोर सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता गोगुन्दा कस्बे के अमराजी का गुडा गांव निवासी धुलीबाई पत्नी अम्बालाल कुम्हार ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 27 मई रात में पड़ोसी के वहां सोने गई थी। इस दौरान अज्ञात चोर मकान का ताला तोड कर सोने की अंगुठी, टॉप्स, चांदी के पायजेब व नकदी चुरा ले गए। दूसरे दिन घर पहुंचने पर वारदात का पता चला। पुलिस को प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

बाल कल्याण समिति के कार्यों की प्रगति पर चर्चा

उदयपुर, (कासं) बालश्रम मुक्त उदयपुर बनाने की दिशा मे जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्वयं सेवी संगठनों के साथ मिलकर 1 जून से 30 जून 2023 तक पुनः अभियान संचालित किया जाएगा। यह जानकारी जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने सोमवार को बाल अधिकार संरक्षण इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि अभियान में नियोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही के साथ बालश्रमिकों के बेहतर पुनर्वास पर भी टीम गठित कर कार्य किया जाएगा। बाल विवाह की रोकथाम हेतु भी गत माह उदयपुर में काफी सार्थक परिणामों के साथ बाल विवाह रूकवाए गए। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि उदयपुर को बाल अधिकार संरक्षण की दृष्टि से देश-प्रदेश में मॉडल जिला बनाए।

बैठक में बाल कल्याण समिति कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई इसके अलावा बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृति, बाल तस्करी आदि के मामलों में की गई कार्यवाही की कलेक्टर ने समीक्षा की। साथ ही बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी युनिट चाईल्ड लाईन आदि के कार्यों को लेकर फीडबैक लिया। लैंगिक अपराधों (पोक्सो) के प्रकरणों पर भी कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। ऐसे ही बाल नशा मुक्ति संयुक्त एक्शन प्लान पर चर्चा की। कलेक्टर ने सभी राजकीय एवं गैर राजकीय गृह के संचालन नियमानुसार करने में बच्चों को कोई परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संचालित 'बालश्रम उन्मूलन अभियान' के राजस्थान समन्वयक एवं पूर्व सदस्य राजस्थान बाल आयोग डॉ. शैलेन्द्र पण्ड्या ने बताया कि 12 जून को प्रति वर्ष बालश्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 1 जून से 30 जून 2023 तक पूरे राष्ट्र के चयनित जिलों में एक्शन मन्थ संचालित होगा जिसके तहत राजस्थान प्रदेश के कुल 7 जिलों का चयन किया गया है जिसमें उदयपुर जिला भी सम्मिलित है।

तंबाकू निषेध सप्ताह को लेकर चिकित्सा विभाग ने कसी कमर

उदयपुर, (कासं)। सीएमएचओ डॉ शंकर बामनिया ने तंबाकू निषेध सप्ताह को लेकर सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की जन घोषणा 'युवाओं में नशे की लत को रोकने हेतु कारगर कदम उठाना' तथा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में आयोजित किए जा रहे तंबाकू निषेध सप्ताह को लेकर वृहद स्तर पर जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि तंबाकू निषेध सप्ताह 25 से 31 मई तक मनाया जा रहा है जिसमें विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। इसके तहत 31 मई को जिला स्तर पर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लगभग 500 सहभागियों के साथ बड़ी रेली आयोजित होगी जिसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे और लोगों को तंबाकू मुक्त रहने का संदेश देंगे।सीएमएचओ ने बताया कि जिले में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 की पालना के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों एवं कार्य स्थलों पर धूम्रपान करना अपराध है। इसके अलावा धारा 6 (अ) के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तंबाकू बेचना भी प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही धारा 6 (ब) के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तंबाकू बेचना भी प्रतिबंधित है। जो भी व्यक्ति तंबाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 के नियमों का उल्लंघन करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

उदयपुर में तंबाकू निषेध सप्ताह को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रेस वार्ता की।

छात्र- हितधारक संवाद कार्यक्रम

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल एंड इनफार्मेशन ब्यूरो द्वारा प्लेसमेंट और फ़ेलोशिप सम्बन्धी उपलब्ध संस्थानों /संस्थाओं के आमुखीकरण के उद्देश्य से छात्र- हितधारक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत करते हुए महविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ .मीनू श्रीवास्तव ने कहा की हितधारक निर्णयों को सूचित करने में मदद करते हैं जो दीर्घकालिक स्थिरता के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं। विशेष रूप से, हितधारक छात्र छात्राओं को सशक्त बनाने - निर्णय लेने की प्रक्रिया में लैस करने में मददगार होते हैं। आयोजन सचिव डॉ. गायत्री तिवारी प्रोफेसर -मानव विकास तथा पारिवारिक अध्ययन विभाग व् इंचार्ज- प्लेसमेंट सेल एंड इनफार्मेशन ब्यूरो ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य, प्रतिभागियों को सामुदायिक सेवा कार्यों से सम्बन्धित रोज़गार, फ़ेलोशिप और इंटर्नशिप के विषय में आमुखीकरण करना था।

बीएलओ और पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

उदयपुर, (कासं) शहर विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशानुसार 23 जून तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने एवं बीएलओ रजिस्टर संधारित करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण नगर निगम सभागार में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण मे अपंजीकृत पात्र व्यक्ति का मतदाता सूची मे पंजीकरण, एकाधिक प्रविष्टियां, मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का विलोपन करने, मतदाता सूची में प्रविष्टियों में सुधार, पीडब्ल्यूडी, वीआईपी मतदाताओं की फ्लेगिंग, ट्रांसजेंडर्स का पंजीकरण तथा वोटर हेल्पलाइन एप्प, सक्षम एप्प, हेल्पलाइन नंबर 1950 की जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

शोभयात्रा में भगवान महेश की झांकी आकर्षण का केंद्र रही

उदयपुर, (कासं)। महेश नवमीपर नगर माहेश्वरी युवा संगठन उदयपुर की और से शोभायात्रा, रक्तदान शिविर, महारुद्राभिषेक, महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

संगठन के अध्यक्ष आशीष अजमेरा ने बताया की तीज का चौक स्थित सेवा सदन से भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा और झाँकिया निकाली

■ **महेश नवमी पर आयोजित शिविर में 97 यूनिट रक्तदान**

गई। शोभायात्रा देहलीगेट, बापू बाजार, सूरजपोल, अस्थल मंदिर,आरएमवी रोड, कालाजी-गौराजी से होकर गुलाब बाग रोड स्थित हेमराज राष्ट्रीय व्यायामशाला पहुंची।

शोभायात्रा संयोजक महीप अजमेरा और विपुल चेचाणी ने बताया कि शोभायात्रा में सबसे आगे गज की सवारी, उसके ठीक पीछे युवतियां अश्वारूढ़ होकर केसरिया साफा पहने हाथ मे धर्म पताका लिए शामिल हुई। जिसके बाद केसरिया साड़ी ओर साफे में समाज की महिलाएं शोभायात्रा के आकर्षण को बढ़ा रही थी। इसके साथ ही समाज के युवा और वरिष्ठ जन श्वेत वस्त्र धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में रजत मंदिर में विराजित भगवान महेश की झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र रही। संगठन के सचिव दीपक माहेश्वरी ने बताया कि सुबहकृष्ण कुमार काबरा स्मृति न्यास के सौजन्य से महेश सेवा संस्थान द्वारा श्री माहेश्वरी भवन में 27वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमे 97 युनिट रक्त संठाहण हुआ।

उदयपुर में महेश नवमी पर शोभायात्रा निकाली गई।

कैम्प का निरीक्षण किया

उदयपुर, (कासं) राज्य द्वारा जनता को महंगाई से राहत देने के लिए हर पंचायत स्तर पर महंगाई राहत कैम्प एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर सफल साबित हो रहे है। ठामीण क्षेत्रों में शिविरों में उत्सव सा माहौल दिख रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को खेरवाड़ा विधायक डॉ. दयाराम परमार में अपने विधानसभा क्षेत्र की करणुवा ठाम पंचायत में आयोजित कैंप का निरीक्षण किया तथा शिविर में पात्रजनों को लाभान्वित किया। शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी राकेश न्योल ने शिविर की प्रगति के बारे में अवगत कराया। विधायक ने ठामीणों से संवाद किया और सरकार के इस अभियान के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में जिला परिषद सदस्य सविता मीणा, खेरवाडा प्रधान पुष्पा मीणा, तहसीलदार लालाराम मीणा, विकास अधिकारी शंकर लाल मेघवाल,अब्दुल रज्जाक मकरानी, प्रदीप भणात, करणुवा सरपंच हेमन्त डामोर, सरपंच सुनील डामोर, सरपंच भंवरलाल डामोर आदि उपस्थित रहे।

प्रारूप-10 (नियम-6(7)देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/2023/23575 **लोक-सूचना** दिनांक: 19/05/2023

श्री भैरूलाल खटिक पिता श्री भंवरलाल खटिक निवासी भानसोल तहसील मावली, जिला-उदयपुर नेइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नाथद्वारा जिला- राजसमन्द	नाथुवास	1626/1625	कुल रकबा 0.0097 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 19.5.2023 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर पालिका, नाथद्वारा

प्रारूप-10 (नियम-6(7)देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/2023/23590 **लोक-सूचना** दिनांक: 19/05/2023

श्री भैरूलाल खटिक पिता श्री भंवरलाल खटिक निवासी भानसोंल तहसील मावली, जिला-उदयपुर नेइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नाथद्वारा जिला- राजसमन्द	नाथुवास	1624/1623	कुल रकबा 0.Q129 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को